# निदेशालय : विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून

## भाग – एक

### कक्षा– 1 से 8 तक की पाठ्यपुस्तकों का मुद्रण वर्ष 2011–12
### (निविदा के विस्तृत नियम, निर्देश एवं शर्तें)

### संशोधित

### खण्ड : (क) – ''विज्ञप्ति/निविदा सूचना''

शैक्षिक सत्र 2011–12 के लिए कक्षा–1 से 8 तक की राष्ट्रीयकृत पाठ्यपुस्तकों का मुद्रण जिनमें से निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की जनपद मुख्यालयों तक FOR Destination सहित आपूर्ति तथा वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए राज्य के समस्त जनपदों के बाजार में बिक्री के लिए उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत अनुभवी मुद्रकों, जिन्हें विगत 05 (पांच) वर्षों में से कम से कम 02 (दो) वर्षों का पाठ्य–पुस्तकों के मुद्रण का अनुभव हो, से मोहरबन्द (सील्ड) निविदाएँ दो लिफाफों (एक) तकनीकी बिड एवं (दो) वित्तीय बिड (इन दोनों लिफाफों को एक तीसरे मोहर बन्द लिफाफे में बन्द करके) आमंत्रित की जाती है। सफल निविदादाताओं को मुद्रण हेतु टैक्स्ट एवं आवरण पृष्ठ का कागज FOR Destination सहित विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा।

**2.** प्रति निविदा आवेदन पत्र शुल्क 2500/– (दो हजार पांच सौ) है।

**3.** निविदा आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/कोरियर अथवा सीधे भी दिनांक 04 दिसम्बर 2010 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक निदेशालय में प्राप्त किये जायेंगे। निर्धारित् अन्तिम तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी। लिफाफे के ऊपर दाहिनी ओर लाल रंग से मोटे अक्षरों में ''**निविदा पाठ्य पुस्तक कक्षा 1 से 8**'' एवं **विज्ञप्ति संख्या** अनिवार्य रूप से अंकित करें।

**4.** निविदादाता निविदा आवेदन पत्र निविदा के विस्तृत नियम, निर्देश एवं शर्तों सहित इण्टरनेट पर वेबसाइट **http://gov.ua.nic.in/ schooleducation/** के अन्तर्गत **Announcement** से डाउनलोड कर अथवा पाठ्य पुस्तक अनुभाग, निदेशालय, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून से प्राप्त कर सकते हैं। निविदादाता द्वारा निविदा के साथ ही एक अलग लिफाफे में निविदा आवेदन पत्र का शुल्क, बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। बैंक ड्राफ्ट निदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून के पदनाम से बनाया जायेगा।

**5.** प्री–बिड कार्यशाला दिनांक 16 नवम्बर 2010 को पूर्वाह्न 11.30 बजे निदेशालय में आयोजित की जायेगी, जिसमें सभी इच्छुक निविदादाता भाग ले सकते हैं।

**6.** तकनीकी बिड दिनांक 04 दिसम्बर 2010 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तथा वित्तीय बिड भी इसी दिन अपराह्न 2:30 बजे पाठ्य पुस्तक समिति के समक्ष निदेशालय में खोली जायेंगी।

## खण्ड : (ख) – ''कार्य का विवरण''

**7.** कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाओं के लिए मुद्रित की जाने वाली कुल पाठ्य पुस्तकों की संख्या 52 है। जिनका विवरण निम्नवत है। कार्य पूर्ण करने का तात्पर्य निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की FOR Destination सहित सभी 13 जनपद मुख्यालयों में आपूर्ति तथा वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए सभी जनपदों के पुस्तक विक्रेताओं को बिक्री के लिए उपलब्ध करवाने से है। मुद्रकों द्वारा मुद्रण कार्य पूर्ण करने मात्र से ही कार्य पूर्ण नहीं समझा जायेगा।

| क्र0 सं0 | कक्षा | पुस्तक का नाम | पृष्ठों की संख्या | पुस्तकों की अनुमानित संख्या लाख में (जो घट–बढ़ सकती है।) | **EMD** मुद्रण (₹ लाख में) | कागज प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | I | हंसी–खुशी | 116 | 1.50 | 0.16 | 02 माह |
| 02 | I | उर्दू किरण | 80 | 0.09 | 0.01 | 02 माह |
| 03 | I | Learn With Fun | 102 | 1.50 | 0.14 | 02 माह |
| 04 | II | हंसी–खुशी | 104 | 1.45 | 0.15 | 02 माह |
| 05 | II | उर्दू किरण | 86 | 0.09 | 0.01 | 02 माह |
| 06 | II | गणित वाटिका | 112 | 1.45 | 0.16 | 02 माह |
| 07 | II | Learn With Fun | 84 | 1.45 | 0.11 | 02 माह |
| 08 | III | हंसी–खुशी | 88 | 1.47 | 0.13 | 02 माह |
| 09 | III | उर्दू किरण | 100 | 0.05 | 0.01 | 02 माह |
| 10 | III | गणित वाटिका | 112 | 1.47 | 0.16 | 02 माह |
| 11 | III | बाल संस्कृतम् | 72 | 1.47 | 0.10 | 02 माह |
| 12 | III | हमारे आसपास | 82 | 1.47 | 0.10 | 02 माह |
| 13 | III | Blossoms | 88 | 1.47 | 0.13 | 02 माह |
| 14 | IV | हंसी खुशी | 137 | 1.44 | 0.18 | 02 माह |
| 15 | IV | उर्दू किरण | 104 | 0.10 | 0.02 | 02 माह |
| 16 | IV | Rainbow | 88 | 1.44 | 0.09 | 02 माह |
| 17 | IV | बाल संस्कृत | 85 | 1.44 | 0.07 | 02 माह |
| 18 | IV | गणित वाटिका | 132 | 1.44 | 0.21 | 02 माह |
| 19 | IV | हमारे आस पास | 98 | 1.44 | 0.17 | 02 माह |
| 20 | V | हंसी खुशी | 144 | 1.35 | 0.16 | 02 माह |
| 21 | V | उर्दू किरण | 104 | 0.08 | 0.01 | 02 माह |
| 22 | V | Summit | 88 | 1.35 | 0.09 | 02 माह |
| 23 | V | बाल संस्कृत | 109 | 1.35 | 0.06 | 02 माह |
| 24 | V | गणित वाटिका | 188 | 1.35 | 0.20 | 02 माह |
| 25 | V | हमारे आस पास | 128 | 1.35 | 0.17 | 02 माह |
| 26 | VI | बुराँश | 100 | 1.36 | 0.12 | 02 माह |
| 27 | VI | प्रेरक प्रसंग | 42 | 1.36 | 0.06 | 02 माह |
| 28 | VI | विज्ञान | 172 | 1.36 | 0.19 | 02 माह |
| 29 | VI | आमोदनी (संस्कृत) | 85 | 1.36 | 0.10 | 02 माह |
| 30 | VI | सामाजिक विज्ञान | 159 | 1.36 | 0.17 | 02 माह |
| 31 | VI | उर्दू किरण | 105 | 0.03 | 0.01 | 02 माह |
| 32 | VI | गणित (NCERT) | 356 | 1.36 | 0.24 | 02 माह |
| 33 | VI | My English Reader-I | 69 | 1.36 | 0.12 | 02 माह |
| 34 | VI | हमारी धरती हमारा जीवन | 182 | 1.36 | 0.24 | 02 माह |
| 35 | VII | बुराँश | 105 | 1.35 | 0.20 | 02 माह |
| 36 | VII | प्रेरक प्रसंग | 46 | 1.35 | 0.10 | 02 माह |
| 37 | VII | विज्ञान | 200 | 1.35 | 0.24 | 02 माह |
| 38 | VII | आमोदनी (संस्कृत) | 83 | 1.35 | 0.10 | 02 माह |

| क्र0 सं0 | कक्षा | पुस्तक का नाम | पृष्ठों की संख्या | पुस्तकों की अनुमानित संख्या लाख में (जो घट–बढ़ सकती है।) | **EMD** मुद्रण (₹ लाख में) | कागज प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | VII | सामाजिक विज्ञान | 222 | 1.35 | 0.16 | 02 माह |
| 40 | VII | उर्दू किरण | 104 | 0.03 | 0.01 | 02 माह |
| 41 | VII | गणित (NCERT) | 344 | 1.35 | 0.54 | 02 माह |
| 42 | VII | My English Reader-II | 81 | 1.35 | 0.12 | 02 माह |
| 43 | VII | हमारी धरती हमारा जीवन | 188 | 1.35 | 0.24 | 02 माह |
| 44 | VIII | बुराँश | 117 | 1.32 | 0.22 | 02 माह |
| 45 | VIII | प्रेरक प्रसंग | 46 | 1.32 | 0.10 | 02 माह |
| 46 | VIII | विज्ञान | 209 | 1.32 | 0.22 | 02 माह |
| 47 | VIII | आमोदनी (संस्कृत) | 87 | 1.32 | 0.10 | 02 माह |
| 48 | VIII | सामाजिक विज्ञान | 190 | 1.32 | 0.15 | 02 माह |
| 49 | VIII | उर्दू किरण | 104 | 0.03 | 0.01 | 02 माह |
| 50 | VIII | गणित (NCERT) | 304 | 1.32 | 0.45 | 02 माह |
| 51 | VIII | My English Reader-III | 89 | 1.32 | 0.12 | 02 माह |
| 52 | VIII | हमारी धरती हमारा जीवन | 208 | 1.32 | 0.24 | 02 माह |
| योग | | | - | **61.39** | **7.37** | **02 माह** |

## खण्ड : (ग) – ''निविदा की मुख्य शर्तें''

**8.** सशर्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

**9.** निविदादाता द्वारा तकनीकी बिड ''**प्रपत्र क**'' में एवं वित्तीय बिड ''**प्रपत्र ख**'' में प्रस्तुत करनी होंगी। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड के प्रत्येक पृष्ठ पर मुद्रक/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा।

**10.** पाठ्य पुस्तकों के मुद्रण में टेक्स्ट पेपर के लिए Maplitho Paper (made of virgin pulp) of 80 GSM with 80% (min.) Brightness and 85% (min.) opacity with Paper Mill Watermark in Reel, remaining values of paper conforming to BIS specification 1848/2007 with latest amendments तथा आवरण पृष्ठ के लिए White Art Card Sheets Indian of 250 GSM conforming to BIS specification IS : 4658 ammendments - no. 03, September 2008. का प्रयोग किया जायेगा।

**11.** मुद्रक को कागज विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। सफल निविदादाता को मुद्रणादेश जारी होने के 03 दिनों के भीतर निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड से आवंटित पाठ्य पुस्तकों के लिए पृथक–पृथक टैक्स्ट एवं आवरण पृष्ठ के कागज की मांग करनी होगी। मुद्रकों द्वारा की गयी मांग का सत्यापन विशेषज्ञों द्वारा करवाया जायेगा तथा विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित कागज की मात्रा के अनुरूप ही कागज की आपूर्ति की जायेगी।

**12.** मुद्रक को कागज की वास्तविक आवश्यकता के अतिरिक्त अधिकतम 4% वेस्टेज धब्बा सहित कागज उपलब्ध करवाया जायेगा।

**13.** सफल निविदादाताओं को कार्यादेश (मुद्रणादेश) जारी होने के 20 दिनों के भीतर FOR Destination सहित निःशुल्क एवं सशुल्क पाठ्य पुस्तकों के लिए टैक्स्ट एवं आवरण पृष्ठ का कागज चयनित पेपर मिल/अधिकृत वितरक द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा।

**14.** कागज की आपूर्ति करने के लिए मुद्रक को चयन की सूचना संसूचित किये जाने के एक सप्ताह के भीतर समस्त Road Permit अनिवार्यतः निदेशालय को उपलब्ध करवाने होंगे। Road Permit उपलब्ध करवाने के बाद ही मुद्रक से अनुबन्ध किया जायेगा। निर्धारित् समयावधि के भीतर Road Permit उपलब्ध न करवाये जाने की स्थिति में मुद्रक का चयन निरस्त कर दिया जायेगा तथा निविदा की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**15.** मुद्रकों द्वारा मुद्रण हेतु उपलब्ध करवाये गये कागज की कीमत का 25% धनराशि बैंक गारण्टी के रूप में निदेशालय को देनी होगी। यह धनराशि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक/एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में भी हो सकती है।

**16.** मुद्रक की क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए तथा पुस्तकों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु समस्त कार्य एक ही फर्म को दिये जाने के स्थान पर अन्य फर्मों को भी न्यूनतम दर पर कार्य आवंटन किया जा सकता है।

**17.** निविदा आवेदन पत्र में समस्त सूचनाएँ यथास्थान स्पष्ट पठनीय लेख में उल्लिखित हों, एवं आवेदन पत्र में दी गयी संलग्नक संख्या के क्रम में संलग्न हों। आवेदन पत्र में जो बिन्दु मुद्रक से सम्बन्धित न हों उसे काट दिया जाय/खाली न छोड़ा जाय।

**18.** निविदादाता एक/एक से अधिक/समस्त पाठ्य पुस्तकों के लिए निविदा जमा कर सकता है। एक अथवा एक से अधिक पाठ्य पुस्तकों के लिए एक ही निविदा आवेदन पत्र पर निविदा जमा करनी होगी। अर्थात एक निविदादाता द्वारा केवल एक ही निविदा आवेदन पत्र पर निविदा जमा करनी होगी। निविदादाता द्वारा निविदा आवेदन पत्र में जितनी पाठ्य पुस्तकों के लिए निविदा दी जायेगी उन सभी पाठ्य पुस्तकों के लिए अर्नेस्ट मनी (EMD) एक ही बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/बैंक गारण्टी के रूप में दी जा सकती है।

**19. धरोहर राशि (EMD)** :– निविदादाताओं द्वारा अर्नेस्टमनी की धनराशि निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से, बैंक ड्राफ्ट/एन.एस.सी./एफ.डी.आर./बैंक गारण्टी जो देहरादून में देय हो, के रूप में निविदा के साथ जमा करनी होगी। धरोहर राशि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध होने चाहिए। असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि निविदाओं की स्वीकृति के तुरन्त बाद उन्हें वापस कर दी जायेगी। सफल निविदादाताओं की धरोहर राशि कार्यालय के पास जमा रहेगी। जिसे उनकी जमानत राशि (Security Money) में समायोजित कर दिया जायेगा। एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा को वापस लेने अथवा सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि तक आवश्यक करार निष्पादित न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। धरोहर राशि के पृष्ठ भाग में फर्म का नाम अंकित कर हस्ताक्षर करने होंगे।

**20. सुरक्षा धनराशि (Security Money)** :– सफल निविदादाताओं को कुल कार्य मूल्य का 10% सुरक्षा धनराशि (सिक्योरिटी मनी), जिसमें तकनीकी बिड के साथ दी गयी अर्नेस्टमनी समाहित हो, का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/बैंकर्स चैक/एन0एस0सी0/बैंक

गारण्टी निदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पदनाम से जमा करनी होगी, जिसे पाठ्य पुस्तकों की मानक/गुणवत्ता की जाँच, मुद्रण में कमी, विलम्ब दण्ड की गणना/कटौती एवं संतोषजनक कार्य पूर्ण होने पर समस्त भुगतान होने एवं संतोषजनक कार्य पूर्ण होने के बाद वापस किया जायेगा।

**21.** चयनित निविदादाता को पूरे वर्षभर मांग के अनुरूप निर्धारित शर्तों पर ही निःशुल्क एवं खुले बाजार के लिए पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण करना होगा। पाठ्य पुस्तकों के पुनर्मुद्रण की स्थिति में मुद्रक को निदेशालय से अनुमति लेनी होगी।

**22.** सभी पुस्तकों हेतु बिना शर्त प्रति आठ पेजी एक रंग/दो रंग में मुद्रित फर्मा तथा प्रति आठ पेजी चार रंगों में मुद्रित फर्मा के आधार पर एक मूल्य दर, जिसमें आवरण पृष्ठ के मूल्य एवं प्रत्येक जिला मुख्यालय तक FOR Destination सहित सभी आवश्यक व्यय (करों सहित) सम्मिलित हों, दी जानी है। वित्तीय बिड में दर स्पष्ट शब्दों एवं अंकों (दोनों में) हस्तलिखित/टंकित रूप में अंकित कर दी जाय तथा निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मुहर से सत्यापित होनी चाहिए।

**23.** सफल निविदादाता को वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए भी पाठ्यपुस्तकवार, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की 15% संख्या के बराबर अतिरिक्त पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण कर खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध करवानी होंगी। **खुले बाजार की पाठ्य पुस्तकों के मुद्रणार्थ निदेशालय द्वारा पृथक से कोई कार्यादेश जारी नहीं किया जायेगा।** खुले बाजार में बिक्री की पाठ्य पुस्तकों के लिए सफल निविदादाता को (स्वयं) उसी पेपर मिल से आवश्यकतानुसार निर्धारित् मानक के कागज की मांग करनी होगी, जिसे विभाग द्वारा कागज आपूर्ति के लिए चयनित किया गया हो। चयनित पेपर मिल/अधिकृत विक्रेता द्वारा खुले बाजार की पाठ्य पुस्तकों के लिए भी उसी दर एवं शर्तों पर FOR Destination सहित मुद्रकों को निर्धारित् मानक का कागज (टैक्स्ट एवं आवरण) उपलब्ध करना होगा, जो निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के लिए निर्धारित् है। इस प्रकार से निःशुल्क एवं खुले बाजार की पाठ्य पुस्तकों में मानक सम्बन्धी एकरूपता बनी रहेगी।

**24.** खुले बाजार के लिए मुद्रित पाठ्य पुस्तकों के कागज का भुगतान चयनित मुद्रक द्वारा पेपर मिल/अधिकृत विक्रेता को स्वयं करना होगा। अर्थात खुले बाजार के लिए मुद्रित पाठ्य पुस्तकों के कागज का भुगतान निदेशालय द्वारा नहीं किया जायेगा।

**25.** वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए खुले बाजार में (बाजार प्रणाली के अनुसार) पाठ्य पुस्तकें पर्याप्त मात्रा में सर्व सुलभ हों, के लिए प्रति पुस्तक मुद्रण एवं कागज की कुल कीमत में पुस्तक विक्रेताओं के लाभ को इस प्रकार से आंगणित कर विक्रय मूल्य निर्धारित् किया जायेगा कि मुद्रक विक्रय मूल्य पर पुस्तक विक्रेताओं को 15% की छूट प्रदान कर सकें। इस प्रकार से निर्धारित् मूल्य समस्त (निःशुल्क एवं सशुल्क) पाठ्य पुस्तकों पर अंकित किया जायेगा। इसी प्रकार NCERT को 2% रायल्टी प्रदान करने के लिए कक्षा 6, 7, 8 गणित विषय की पाठ्य पुस्तकों का विक्रय मूल्य रॉयल्टी समाहित कर निर्धारित किया जायेगा। यहाँ पर यह भी उल्लेखनीय है की मुद्रकों द्वारा केवल खुले बाजार के लिए मुद्रित कक्षा 6, 7, 8 गणित की पाठ्य पुस्तकों के विक्रय मूल्य पर ही 2% रायल्टी प्रदान की जानी है।

**26.** वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को आसानी से पाठ्य पुस्तकें सुलभ हो सकें के लिए चयनित निविदादाताओं द्वारा अनुबन्ध करने से पूर्व शपथ पत्र में जनपद स्तर पर कम से कम एक पुस्तक विक्रेता का विवरण प्रस्तुत करना होगा, जिनको

उनके द्वारा प्राथमिकता/अनिवार्य रूप से पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवानी होगी। जनपद स्तर पर पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता ही कार्य सम्पन्न होने की प्रमाणिकता मानी जायेगी। मात्र मुद्रण कार्य पूर्ण करने से कार्य सम्पन्न नहीं समझा जायेगा। चयनित निविदादाता द्वारा शपथ पत्र पर उनके द्वारा चयनित/अनुबन्धित पुस्तक विक्रेताओं का विवरण निम्नवत् देना होगा :–

| क्र0सं0 | जनपद | पुस्तक विक्रेता का नाम एवं पता | दूरभाष नम्बर |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | | | |

**27.** चयनित निविदादाता द्वारा वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए निर्धारित कागज पर मुद्रण के मानकानुरूप निर्धारित समयावधि में राज्य के प्रत्येक जनपद में बाजार बिक्री के लिए पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करनी होंगी।

**28.** न्यूनतम दर में एक से अधिक फर्मे आने पर कार्य का आवंटन करने के लिए पाठ्य पुस्तक समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा, जो निविदादाताओं को मान्य होगा।

**29.** मुद्रक द्वारा पाठ्य पुस्तकों के मुद्रण में उसी कागज का प्रयोग किया जायेगा जो विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा। विभाग द्वारा उपलब्ध करवाये गये कागज के अलावा अन्य कागज पर मुद्रण किये जाने का संदेह होने की स्थिति में कागज की जांच एक से अधिक बार भी करवायी जा सकती है, जिस पर आने वाले व्यय का भुगतान मुद्रक द्वारा किया जायेगा।

**30.** **जिस निविदादाता की ''तकनीकी बिड'' निविदा समिति द्वारा अर्ह मानी जायेगी, उसी निविदादाता की ''वित्तीय बिड'' खोली जायेगी।**

**31.** निविदा समिति द्वारा जिन निविदादाताओं की ''**तकनीकी बिड**'' अर्ह मानी जायेगी उसे यदि निर्धारित तिथि को अपरिहार्य कारणों से खोलना सम्भव न हो तो निविदा समिति ''**वित्तीय बिड**'' खोलने का दिनांक, समय व स्थान सूचित करेगी। जिनकी ''तकनीकी बिड'' अनर्ह पायी जायेंगी उन्हें उक्तवत सूचित नहीं किया जायेगा और न ही उस निविदादाता को अनर्हता का कारण बताया जायेगा, तथा सम्बन्धित निविदादाता किसी भी स्तर पर उसकी माँग नहीं करेगा।

**32.** FOR Destination आपूर्ति के लिए औपचारिक क्रयादेश जिला शिक्षा अधिकारी/अपर जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) द्वारा दिया जायेगा।

**33.** सफल निविदादाता को कार्यादेश एक मुश्त देने के बजाय आवश्यकतानुसार टुकड़ों में भी दिये जा सकते हैं।

**34.** निविदादाता पुस्तकों के नमूने निदेशालय में परीक्षण हेतु देखे सकते हैं।

## <u>खण्ड : (घ) – ''तकनीकी बिड''</u>

**35.** **तकनीकी बिड (प्रपत्र भाग–2) के साथ निम्नवत् आवश्यक अभिलेख/प्रमाणपत्र संलग्न करने होंगे। समस्त अभिलेख/प्रमाण पत्रों को संलग्न नहीं करने की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी :–**

**36.** **मुद्रक को विगत 05 (पांच) वर्षों में से कम से कम 02 (दो) वर्षों** का पाठ्य पुस्तकों के मुद्रण का अनुभव हो।

**37.** पाठ्य पुस्तकों के मुद्रण अनुभव के लिए संबंधित संस्था द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें। प्रमाण पत्र में मुद्रण वर्ष, कक्षा, पाठ्य पुस्तकों का नाम का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। नमूने के तौर पर मुद्रित पाठ्य पुस्तकों की भी कम से कम 03–03 प्रतियां संलग्न करें। नमूना प्रतियों के इनर पृष्ठ पर मुद्रक का नाम/पता/कक्षा/संस्करण/मुद्रण वर्ष अंकित होना चाहिए।

**38.** मुद्रण उद्योग में विगत दो वर्षों का टर्न ओवर न्यूनतम **₹ 1.00 (एक) करोड़** प्रतिवर्ष हो, जो रजिस्टर्ड चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित हो।

**39.** निविदादाता की अपनी स्वयं की पंजीकृत मुद्रण इकाई हो, जिसमें वेब ऑफसेट (फोर कलर) एवं शीट–फेड फोर कलर मशीन होना आवश्यक होगा। सम्बन्धित मुद्रक कार्यरत मशीनों का साइज, प्रकार, माडल का वर्ष, क्रय की तिथि एवं प्रेस डिक्लेरेशन की सत्यापित फोटोप्रति के साथ विवरण देंगे।

**40.** विगत एक वर्ष के आयकर रिटर्न के मूल प्रमाण पत्र की पठनीय सत्यापित फोटोप्रति, जिसमें स्थायी आयकर खाता संख्या का उल्लेख हो।

**41.** वैध व्यापार कर/बिक्रीकर के भुगतान का प्रमाण पत्र।

**42.** किसी भी सरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का विधिक विवाद नहीं हैं, इसके लिए नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ–पत्र दें। शपथ पत्र में यह भी उल्लेख होना चाहिए कि उक्त कार्य हेतु दी जा रही समस्त सूचनाएँ प्रत्येक दशा में सत्य हैं और ऐसी कोई सूचना, जो देना आवश्यक था, छिपाई नहीं गयी है।

**43.** शपथ पत्र में निविदादाता को यह भी स्पष्टतः उल्लेख करना होगा कि फर्म को किसी भी राज्य द्वारा न ही काली सूची में दर्ज किया गया है और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि को जब्त किया गया है। यदि कोई सूचना छिपाई जाती है तो विभाग द्वारा जो भी विधिक कार्यवाही की जायेगी वह निविदादाता को मान्य होगी।

**44.** तकनीकी बिड के साथ 4 फर्मा (32 पृष्ठ) का **मॉडल (नमूना)** जो कि चार रंगों में निर्धारित मानक के कागज पर दोनों ओर मुद्रित करके देना अनिवार्य होगा। यह मुद्रक के कार्य के अनुभव एवं मुद्रण कार्य की गुणवत्ता को प्रमाणित करेगा। मॉडल वेब ऑफसेट/शीटफैड मशीन द्वारा मुद्रित हो। कम्प्यूटर प्रिंट या फोटोकापी मान्य नहीं होगी। माडल बनाने हेतु विषय सामग्री निविदा आवेदन पत्र के साथ ही इण्टरनेट पर **http://gov.ua.nic.in/schooleducation/** के अन्तर्गत

**Announcement** पर उपलब्ध है, जिसके ले–आउट, कलर स्कीम एवं चित्रों के अनुसार माडल बनाना होगा।

**45.** मुद्रक द्वारा तकनीकी बिड में नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ–पत्र में यह भी उल्लेख किया जाय कि न्यूनतम 32 पृष्ठ का चार रंगों में मुद्रित जो माडल/आवरण पृष्ठ उनके द्वारा संलग्न किया गया है वह उनके ही द्वारा मुद्रित किया/कराया गया है।

**46.** आवरण पृष्ठ हेतु तकनीकी बिड में निर्धारित विशिष्टीकरण के अनुसार आवरण पृष्ठ की मुद्रित 1–1 प्रति 53.34 सेमी X 78.74 सेमी आकार में देनी होगी।

**47.** ''**तकनीकी बिड**'' के लिफाफे के बाहर लाल इंक से ''**तकनीकी बिड**'' लिखा होना चाहिए।

**48.** **अर्नेस्ट मनी** के बैंक ड्राफ्ट एक अलग लिफाफे में रखकर दिये जायेंगे। लिफाफे के बाहर लाल इंक से अर्नेस्टमनी लिखा होना चाहिए।

**49.** सील्ड ''**तकनीकी बिड**'' का लिफाफा सील्ड ''**वित्तीय बिड**'' लिफाफा ''**अर्नेस्ट मनी**'' तथा ''**आवेदन पत्र शुल्क**'' का लिफाफा चारों एक बड़े सील्ड लिफाफे के अन्दर रखकर प्राप्त कराये जांय।

## खण्ड : (ङ) – ''वित्तीय बिड''

**50.** **वित्तीय बिड** के लिफाफे के बाहर लाल इंक से ''**वित्तीय बिड**'' लिखा होना चाहिए।

**51.** **वित्तीय बिड** में प्रति पाठ्य पुस्तक दरें प्रपत्र **भाग–तीन** पर दी जायेंगी।

**52.** वित्तीय बिड **में प्रति पुस्तक मुद्रण की दर (कवर के मुद्रण की धनराशि जोड़कर) FOR Destination** सहित अंकित की जानी होगी।

## खण्ड : (च) – ''निविदा के अन्य नियम एवं शर्तें''

**53.** चयनित निविदादाताओं द्वारा सभी पुस्तकें 16 पेजी फर्मे में मुद्रित करनी होंगी। प्रत्येक मुड़े हुए फर्मा के बाहरी मोड़ पर फोलियो टाइप में फर्म का नाम मुद्रित होगा।

**54.** समस्त बायीं ओर के पृष्ठों पर डाले गये पृष्ठ संख्या के दूसरी ओर सम्बन्धित पुस्तक का नाम, भाग एवं 2011–12 मुद्रित होगा तथा दाहिनी ओर के पृष्ठों पर डाले गये पृष्ठ संख्या के दूसरी ओर सम्बन्धित पाठ के शीर्षक को मुद्रित किया जायेगा। दोनों ही 10 प्वाइंट बोल्ड में मुद्रित होंगे।

**55.** समस्त इलस्ट्रेशन एवं चित्रांकन उत्तम इंक एवं रंग से विषयवस्तु के अनुरूप एवं समीपस्थ मुद्रित किया जायेगा, जिनका हेयर लाइन रजिस्ट्रेशन ठीक हो। **फहराता हुआ राष्ट्रीय ध्वज** वास्तविक रूप में चार रंग में ही मुद्रित होगा।

**56.** सभी पृष्ठों पर मुद्रण समान आकर्षक इंक में होगा।

**57.** पुस्तक के सभी रंग स्पष्ट व आकर्षक हों, और उनका प्रभाव सकारात्मक हो। रंगों की ओवरलैपिंग न हो तथा रंग चित्रों में फैले नहीं, इसके लिए विशेष ध्यान दिया जाय।

**58.** अक्षर मात्रा, अंक, दशमलव, बिन्दु, कामा, अर्द्धविराम, गणित के चिन्ह आदि टूटे–छूटे, मिटे या स्थान बदलने से होने वाली त्रुटि की स्थिति में नहीं होंगे, इसके लिए मुद्रक द्वारा प्रूफ रीडिंग अत्यधिक सावधानी से करनी होगी।

**59.** बाइंडिंग में तीन तार की साईड स्टिचिंग बराबर दूरी पर होगी। 100 या कम पृष्ठों की पुस्तकों में सेंटर स्टिचिंग तीन तार से होगी। 200 से अधिक पृष्ठों की पुस्तक की परफैक्ट बाईडिंग की जायेगी।

**60.** बाइंडिंग एवं कटिंग के बाद बिना मुद्रित चारों ओर का हासिया क्षेत्र एक सेमी0 चौड़ाई से कम नहीं होगा।

**61.** कक्षा 6 से 8 तक की जिन पुस्तकों के मॉडल मुद्रकों द्वारा बनवाये जायेंगे उनका ट्रिम साइज (18.41 X 24.13) सेमी तथा प्रिन्ट एरिया (15.9 X 22.1) सेमी होगा, परन्तु जिन पुस्तकों की विभाग द्वारा सी0डी0 दी जायेगी उनका प्रिन्ट एरिया सी0डी0 के अनुरूप होगा।

**62.** **पाठ्य पुस्तकों का आकार/कागज का मानक/टैक्स्ट पेपर एवं आवरण पृष्ठ शीट का आकार :–**

| क्र0 सं0 | विवरण | कक्षा–1 से 5 तक | कक्षा–6, 7 एवं 8 गणित | कक्षा–6 से 8 तक गणित के अतिरिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पाठ्य पुस्तक का ट्रिम साइज | (18.41 × 24.13) सेमी | (8.25 × 10.9) इंच | (18.41 × 24.13) सेमी |
| 2 | पाठ्य पुस्तक का प्रिंट एरिया | (15.9 × 22.1) सेमी | (8.9 × 6.63) इंच | (15.9 × 22.1) सेमी |
| 3 | टैक्स्ट पेपर का भार | 80 GSM | 80 GSM | 80 GSM |
| 4 | आवरण पृष्ठ का भार | 250 GSM | 250 GSM | 250 GSM |

**63.** पुस्तकों के रनिंग मैटर में रंगों के प्रयोग से ओवर लैपिंग की समस्या के निवारण हेतु हेयर लाइन रजिस्ट्रेशन तक मुद्रित करना होगा।

**64.** मुद्रकों द्वारा आवरण पृष्ठों का मुद्रण इस प्रकार करना होगा कि इनका उपयोग किसी अन्य द्वारा न किया जा सके।

**65.** पुस्तकों के प्रथम पृष्ठ के मध्य में तथा अन्तिम पृष्ठ के ऊपरी भाग में नीले बाक्स में लाल इंक से 20 प्वाइण्ट बोल्ड टाइप में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के लिए '**निःशुल्क वितरण हेतु**' तथा खुले बाजार में बिक्री के लिए मुद्रित पाठ्य पुस्तकों पर ''**बाजार बिक्री हेतु**'' मुद्रित करना होगा। आवरण पृष्ठ के मुख पृष्ठ तथा अन्तिम पृष्ठ पर भी इसी प्रकार से '**निःशुल्क वितरण हेतु**'/'**बाजार बिक्री हेतु**' मुद्रित करना होगा।

**66.** आवरण पृष्ठ के अन्तिम पृष्ठ पर ''**सर्व शिक्षा अभियान**'' तथा सर्व शिक्षा अभियान का ''**लोगो**'' 20 प्वाइंट बोल्ड टाइप में अंकित किया जाना होगा।

**67.** पाठ्य पुस्तकों के मुद्रण में फान्ट का साइज, पुस्तकों का आकार, ट्रिम साइज, प्रिन्ट एरिया, स्पेसिंग एवं विषय सामग्री विभाग द्वारा दी गयी सी0डी0 के अनुसार ही किया जायेगा। जिन पुस्तकों की सी0डी0 उपलब्ध नहीं करायी जायेगी उनको दिये गये नमूनों के अनुसार मुद्रित किया जाना होगा। पुस्तकों के मुद्रण हेतु उपलब्ध कराई गयी सी0डी0 मात्र विषय वस्तु के लिए होगी। शेष सभी आवश्यक तथ्य मुद्रक को दिये गये निर्देशानुसार स्वयं अंकित करने होंगे।

**68.** पाठ्य पुस्तकों के आवरण पृष्ठ पर पीछे की ओर फोटो के स्थान पर विभाग द्वारा उपलब्ध करवाये गये प्रेरणादायक सूक्तियों का मुद्रण मुद्रक द्वारा किया जायेगा, जिसे अनुबंध के समय मुद्रक को प्राप्त करना होगा।

**69.** सभी आवरण पृष्ठ चार रंगों में मुद्रित होंगे।

**70.** पाठ्य पुस्तकें निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराई गयी सी0डी0/हार्ड कापी के अनुसार ही मुद्रित की जायेंगी। इसके अतिरिक्त मुद्रकों द्वारा निदेशालय द्वारा प्रदत्त निर्देशों का यथास्थान समावेश करना होगा।

**71.** पुस्तक का प्रकाशन विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा किया जा रहा है। अतः प्रकाशक का उल्लेख करते समय मुद्रक द्वारा उचित स्थान पर **विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड** मुद्रित किया जायेगा।

**72.** महत्वपूर्ण भौगोलिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, राजनैतिक, राष्ट्रीय तथा महापुरूषों से संबंधित तथ्य अद्यतन शुद्ध हों। जिसे प्रत्येक स्तर पर चयनित निविदादाता द्वारा ठीक करना होगा, किसी भी प्रकार का विवाद उठने पर चयनित निविदादाता उत्तरदायी रहेंगे।

**73.** पाठ्य पुस्तकों को चार एवं दो आकर्षक रंगों में तथा एक रंग में मुद्रित किया जायेगा।

**74.** पाठ्य पुस्तकें आवरण पृष्ठ सहित फोर कलर में कवर, बैक कवर तथा इन साइड कवर तथा इन साइड बैक कवर/टू कलर कवर, वन कलर इन साइड में मुद्रित होंगी। प्रत्येक कवर पर **12 डिजिट में रन ऑन** (On Line Number) मुद्रित किये जायेंगे। समस्त पाठ्य–पुस्तकें निदेशालय द्वारा उपलब्ध करवायी गयी सी0डी0 के अनुसार मुद्रित की जायेंगी। मुद्रण की दर निर्धारण के समय निम्न बिन्दुओं का ध्यान रखा जायः–
(क) फोर कलर कवर, एक कलर इन–साइड कवर, विद नम्बर।
(ख) फोर कलर कवर, फोर कलर इन–साइड कवर, विद नम्बर।
(ग) टू कलर कवर, वन कलर इन–साइड कवर विद नम्बर।

**75.** पुस्तकों की प्रुफ रीडिंग का दायित्व मुद्रक का होगा। मुद्रकों द्वारा प्रत्येक पाठ्य पुस्तक की दो–दो आदर्श पुस्तकें अनुमोदन हेतु निदेशालय को कार्यादेश निर्गत करने के 03 दिनों के अन्दर उपलब्ध करनी होगी। जिनमें से एक प्रति अनुमोदित कर मुद्रकों को मुद्रण हेतु कागज उपलब्ध होने से पूर्व वापस कर दी जायेगी। अनुमोदित प्रति के अनुसार ही मुद्रकों द्वारा मुद्रण कार्य किया जायेगा।

**76.** मुद्रकों द्वारा पुस्तकों के नमूनों के 07–07 सैट निदेशालय हेतु, 01–01 सैट प्रत्येक जनपद हेतु, तथा 05–05 सैट एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड हेतु, निदेशालय को उपलब्ध कराने होंगे। जनपदों की प्रतियाँ निदेशालय के अनुमोदनोंपरान्त सम्बन्धित जनपदों को पहुँचाने का दायित्व मुद्रकों का होगा।

**77.** पाठ्य–पुस्तकों पर मूल्य अंकित करने के लिए मुद्रकों को निदेशालय द्वारा पाठ्य–पुस्तकों के मूल्य की सूची दी जायेगी। मुद्रण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व मुद्रक का भी यह दायित्व होगा कि वह निदेशालय से पाठ्य–पुस्तकों के मूल्य की सूची प्राप्त कर लें।

**78.** एक दूसरे से पूल किये जाने की स्थिति में दी गयी निविदा, के निविदादाताओं को काली सूची में दर्ज किया जायेगा एवं अर्नेस्टमनी जब्त कर ली जायेगी।

**79.** सफल निविदादाता द्वारा यदि अनुबंध के अनुरूप कार्य सम्पादन में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो उनकी अर्नेस्टमनी/सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में अन्यथा कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**80.** जिन निविदादाताओं की निविदायें स्वीकार की जायेंगी, उनके द्वारा अनुबन्ध के अनुरूप पुस्तकों को अवमुक्त करने से पूर्व पुस्तकों की गुणवत्ता की जाँच उस सक्षम अधिकारी/संस्था द्वारा करायी जायेगी, जिसे राज्य सरकार/विभाग द्वारा इस कार्य के लिए अधिकृत किया गया हो। निर्धारित मानक के अनुरूप पुस्तकें न होने पर उनकी प्राप्ति अस्वीकार की जा सकती है एवं सम्बन्धित मुद्रक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**81.** सम्बन्धित कार्य एवं निविदा के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे उत्तराखण्ड शासन के निर्णयार्थ (आर्बीट्रेशन) प्रस्तुत किया जायेगा और उसका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

**82.** उपरोक्त कार्य के सम्बन्ध में किसी भी विवाद के लिये सिर्फ देहरादून स्थित सुसंगत न्यायालय में ही मामला उठाया जा सकता है, अन्य किसी भी न्यायालय में नहीं।

**83.** पाठ्य पुस्तक समिति को नेगोसिएशन का अधिकार होगा।

**84.** चयनित निविदादाता द्वारा अनुबन्ध हेतु उत्तराखण्ड के किसी भी कोषागार/उप कोषागार से ₹ 100/– (रूपये एक सौ) का नॉन–ज्यूडीसियल स्टाम्प पेपर (जो टिकट के रूप में नहीं होगा) उपलब्ध करना होगा।

**85.** कागज की गुणवत्ता के लिए किसी रासायनिक प्रयोगशाला से मुद्रण के समय गठित समिति द्वारा नमूना लेकर जाँच करायी जायेगी। कागज की गुणवत्ता में संदेह की स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर कई बार कागज की जाँच करायी जा सकती है। समय–समय पर मुद्रण के दौरान राज्य स्तरीय समिति द्वारा मुद्रण की गुणवत्ता की जाँच प्रेस में जाकर की जायेगी।

**86.** प्रश्नगत निविदा के क्रम में मुद्रित पाठ्य पुस्तकों की बिक्री शैक्षिक **सत्र 2011–12** के उपरान्त नहीं की जायेगी।

**87.** कार्य सम्पन्न करने के लिए सफल निविदादाताओं को जारी कार्यादेश एवं किये गये अनुबन्ध को बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार निदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड के पास सुरक्षित रहेगा।

**88.** मुद्रकों द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के भुगतान के लिए राज्यांश एवं सर्व शिक्षा अभियान के पृथक–पृथक बिल निदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड के पदनाम से तैयार कर निदेशालय को उपलब्ध करवाने होंगे।

**89.** **भुगतान की प्रक्रिया:–** निःशुल्क पाठ्य–पुस्तकों के मुद्रण मूल्य का भुगतान निदेशालय स्तर से किया जायेगा। मुद्रक द्वारा जनपद स्तर पर पाठ्य–पुस्तकों की अंतिम खेप पहुंचाने की तिथि से बजट की उपलब्धता पर 30 दिनों के भीतर मुद्रण मूल्य का 80% तथा अगामी 45 दिनों के भीतर शेष भुगतान किया जायेगा।

**90.** अपर जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक)/जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जनपद स्तर पर मुद्रकों द्वारा आपूर्तित पुस्तकों की संख्या का सत्यापन कर आख्या से निदेशालय को विलम्बत् 05 दिनों के भीतर सूचित करना होगा तथा मुद्रक द्वारा प्रस्तुत चालान को सत्यापित कर तत्काल निदेशालय को भेजना होगा।

**91.** **दण्डात्मक प्राविधान :–** गुणवत्ता जाँच समिति के द्वारा पाठ्य–पुस्तकों की गुणवत्ता में कमी अथवा मुद्रण/आपूर्ति में विलम्ब की स्थिति में फर्म के विरुद्ध निम्नवत् दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**(क) विलम्ब दण्ड :–** पेपर मिल/अधिकृत विक्रेता द्वारा टैक्स्ट एवं कवर पेज की अन्तिम खेप पहुंचाने की तिथि से संबंधित मुद्रक को **02 माह** के भीतर सभी जनपद मुख्यालयों में निःशुल्क पाठ्य–पुस्तकों तथा वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए खुले बाजार में पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। विलम्ब की स्थिति में निम्नवत् कटौती की जायेगी :–

- 1 से 5 दिन विलम्ब से आपूर्ति पुस्तकों के कुल मुद्रण मूल्य का 2%।
- 6 से 10 दिन विलम्ब से आपूर्ति पुस्तकों के कुल मुद्रण मूल्य का 5%।
- 11 से 18 दिन विलम्ब से आपूर्ति पुस्तकों के कुल मुद्रण मूल्य का 7%।
- 19 से 25 दिन विलम्ब से आपूर्ति पुस्तकों के कुल मुद्रण मूल्य का 10%।
- 26 से 30 दिन विलम्ब से आपूर्ति पुस्तकों के कुल मुद्रण मूल्य का 15%।
- 30 दिन से अधिक विलम्ब की स्थिति में मुद्रक की सुरक्षा धनराशि जब्त कर उसे काली सूची में दर्ज किया जायेगा।

**(ख) खराब मुद्रण :–** पुस्तकों के सत्यापन में मानक के अनुरूप मुद्रण न पाये जाने अथवा खराब मुद्रण की दशा में सम्बन्धित प्रकार की पुस्तकों के कुल मूल्य से अधिकतम 15 प्रतिशत तक की कटौती की जायेगी। खराब मुद्रण के अन्तर्गत अस्पष्ट चित्र, अपठनीय छपाई आदि पर विचार किया जायेगा।

**(ग) त्रुटिपूर्ण मुद्रण :–** विभाग द्वारा दी गयी सी0डी0 के अनुसार मुद्रण न होने अथवा त्रुटिपूर्ण मुद्रण होने पर सम्बन्धित पुस्तकों के कुल मूल्य में से 15% तक की कटौती

की जायेगी। नमूने के इतर कोई सामग्री छापने, गलत पाठ एवं चित्र छापने पर समिति कटौती करेगी।

(घ) **कम माप** :– पुस्तकवार निर्धारित माप के अनुरूप समिति द्वारा कम आकार की पुस्तकों के मूल्य में से कुल कम हुये कागजों के दुगुने मूल्य के बराबर कटौती की जायेगी। कागज की गुणवत्ता पर भी विचार किया जायेगा।

**92.** **रॉयल्टी** :– कक्षा–6, 7, 8 गणित की पाठ्य पुस्तकों के लिए NCERT नई दिल्ली को दी जाने वाली 2% रॉयल्टी निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के लिए विभाग द्वारा तथा वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए खुले बाजार में बिक्री के लिए मुद्रित पाठ्य पुस्तकों के लिए मुद्रक द्वारा प्रदान की जायेगी। मुद्रक द्वारा रॉयल्टी का बैंक ड्राफ्ट विभागाध्यक्ष प्रकाशन विभाग NCERT के पदनाम से तैयार कर निदेशालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ पाठ्य पुस्तकवार मुद्रित संख्या का विवरण भी उपलब्ध करवाना होगा।

**93.** ऐसे अप्रत्याशित कारण जो मुद्रक के नियंत्रण से बाहर हैं, जिनका पहले से पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता जैसे– युद्ध, क्रांति, आग, बाढ़, बीमारी फैलने की स्थिति में मुद्रक लिखित रूप से निदेशालय को इसकी सूचना तुरन्त देगा तथा इसके कारणों का उल्लेख करेगा। जब तक निदेशालय द्वारा अन्य निर्देश नहीं दिये जायेंगे मुद्रक अनुबंध के आधार पर अपने कर्तव्यों/कार्यों का जहां तक सम्भव हो, निर्वहन करता रहेगा।

**94.** मुद्रक द्वारा उपर्युक्तानुसार निविदा के नियम निर्देश, एवं शर्तों का आंशिक/पूर्णतः अनुपालन नहीं करने की स्थिति में फर्म के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उसकी सुरक्षा धनराशि जब्त की जायेगी तथा काली सूची में दर्ज किया जायेगा।

(सौजन्या)
निदेशक
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड

# भाग – दो

प्रपत्र–क

## वर्ष 2011–12 के लिए कक्षा– 1 से 8 की राष्ट्रीयकृत पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण हेतु तकनीकी बिड

1. निविदादाता का नाम ..........................................................................................................................

2. पता ..................................................................................................................................................

3. फोन नम्बर कार्यालय ............................................................मोबाईल ........................................

4. मुद्रक का नाम ......................................................................................................................

5. पता ..................................................................................................................................................

6. फोन नम्बर कार्यालय ............................................................ मो0 .........................................................

7. प्रेस डिक्लेरेशन का दिनांक ..........

( मुद्रण की इकाई के पंजीकरण, प्रेस डिक्लेरेशन की सत्यापित प्रति संलग्न की जाय। )

8. मशीनों का विवरण साइज, प्रकार, माडल, क्रय तिथि

(तकनीकी बिड में सफल निविदादाता की इकाई का निरीक्षण निदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा।)

9. स्थायी आयकर खाता संख्या ..........................................................................................................

(विगत एक वर्ष के आयकर भुगतान का प्रमाण पत्र /आयकर रिर्टन संलग्न किया जाय। )

10. वैध व्यापार कर/वैट पंजीकरण संख्या ..............................................................................................

केन्द्रीय बिक्रीकर/व्यापार कर/वैट पंजीकरण संख्या ............................................................................

(वैध व्यापार कर/वैट भुगतान का प्रमाण पत्र संलग्न किया जायेगा।)

11. विगत 02 वर्षों में मुद्रण का अनुभव
(विगत 02 वर्षों में मुद्रण के अनुभव का प्रदेश/संस्थान/वर्षवार उल्लेख आदेश की सत्यापित प्रति सहित एवं मुद्रण कार्य के नमूने भी संलग्न करने होंगे।)

12. मुद्रण में विगत दो वर्षो के टर्न–ओवर–

( चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करें)

13. धरोहर राशि का विवरण

डी0डी0 नं0 व दिनांक–

धनराशि–रु0

बैक का नाम व शाखा–

14. इंटरनेट से डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के मूल्य का विवरण।

डी0डी0 नं0 व दिनांक–

धनराशि–रु0

बैक का नाम व शाखा–

15. किसी भी सरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का विधिक विवाद न होने तथा काली सूची में दर्ज न होने का नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ–पत्र संलग्न करें।

16. निविदा के साथ 32 पृष्ठ का माडल/आवरण पृष्ठ जो कि चार रंगों में निर्धारित विशेषीकृत कागज पर, जिसके लिए दरें आमन्त्रित की गयी हैं, कागज के दोनों ओर मुद्रित करके संलग्न करें।

17. foRrh; बिड में रखे सील्ड लिफाफों का विवरण–

18. अन्य कोई विवरण–

मैं ........................................................................................ मैसर्स ............................................................................... .............. ....................................................... का मालिक/ ............................................प्रतिशत साझेदार/प्रबन्धक हूँ। इस निविदा की समस्त कार्यवाही पूर्ण करने एवं समस्त देयक के प्रति मेरा पूर्ण उत्तरदायित्व है। उपरोक्त समस्त सूचना पूर्णतया सत्य है। इससे सम्बन्धित कोई सूचनाएँ छिपाई नहीं गई है। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो उसके लिए मै उत्तरदायी रहूंगा।

मालिक/प्रबन्धक के हस्ताक्षर

दिनांक ........................................

नाम ........................................

संस्था की मुहर

# प्रपत्र–ख
## वित्तीय बिड वर्ष 2011–12 (जिसमें निविदादाता द्वारा मुद्रण की दरें देनी हैं।)
## (For Destination) जनपद मुख्यालयों तक

| क्र0 स0 | पुस्तक का नाम | कक्षा | पृष्ठों की संख्या | पुस्तक का आकार | कागज का भार GSM में | | मुद्रण | | पुस्तकों की अनुमानित संख्या लाख में (जो घट–बढ़ सकती है।) | प्रति पुस्तक मूल्य (समस्त व्यय, कर सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | टैक्स्ट पेपर | आवरण पृष्ठ | टैक्स्ट पेपर | आवरण पृष्ठ | | |
| 01 | हंसी–खुशी | I | 116 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.5 | |
| 02 | उर्दू किरण | I | 80 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 0.09 | |
| 03 | Learn With Fun | I | 102 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.5 | |
| 04 | हंसी–खुशी | II | 104 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.45 | |
| 05 | उर्दू किरण | II | 86 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 0.09 | |
| 06 | गणित वाटिका | II | 112 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.45 | |
| 07 | Learn With Fun | II | 84 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.45 | |
| 08 | हंसी–खुशी | III | 88 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.47 | |
| 09 | उर्दू किरण | III | 100 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 0.05 | |
| 10 | गणित वाटिका | III | 112 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.47 | |
| 11 | बाल संस्कृतम् | III | 72 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.47 | |
| 12 | हमारे आसपास | III | 82 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.47 | |
| 13 | Blossoms | III | 88 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.47 | |
| 14 | हंसी खुशी | IV | 137 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.44 | |
| 15 | उर्दू किरण | IV | 104 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 0.1 | |
| 16 | Rainbow | IV | 88 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.44 | |
| 17 | बाल संस्कृत | IV | 85 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.44 | |
| 18 | गणित वाटिका | IV | 132 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.44 | |
| 19 | हमारे आस पास | IV | 98 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.44 | |
| 20 | हंसी खुशी | V | 144 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |

| क्र0 स0 | पुस्तक का नाम | कक्षा | पृष्ठों की संख्या | पुस्तक का आकार | कागज का भार **GSM** में | | मुद्रण | | पुस्तकों की अनुमानित संख्या लाख में (जो घट–बढ़ सकती है।) | प्रति पुस्तक मूल्य (समस्त व्यय, कर सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | टैक्स्ट पेपर | आवरण पृष्ठ | टैक्स्ट पेपर | आवरण पृष्ठ | | |
| 21 | उर्दू किरण | V | 104 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 0.08 | |
| 22 | Summit | V | 88 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 23 | बाल संस्कृत | V | 109 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 24 | गणित वाटिका | V | 188 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 25 | हमारे आस पास | V | 128 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 26 | बुराँश | VI | 100 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.36 | |
| 27 | प्रेरक प्रसंग | VI | 42 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.36 | |
| 28 | विज्ञान | VI | 172 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.36 | |
| 29 | आमोदनी (संस्कृत) | VI | 85 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.36 | |
| 30 | सामाजिक विज्ञान | VI | 159 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.36 | |
| 31 | उर्दू किरण | VI | 105 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 0.03 | |
| 32 | गणित (NCERT) | VI | 356 | (8.25 x 10.9) इंच | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.36 | |
| 33 | My English Reader-I | VI | 69 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.36 | |
| 34 | हमारी धरती हमारा जीवन | VI | 182 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | एक रंग में | चार रंग में | 1.36 | |
| 35 | बुराँश | VII | 105 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 36 | प्रेरक प्रसंग | VII | 46 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 37 | विज्ञान | VII | 200 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 38 | आमोदनी (संस्कृत) | VII | 83 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 39 | सामाजिक विज्ञान | VII | 222 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 40 | उर्दू किरण | VII | 104 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 0.03 | |
| 41 | गणित (NCERT) | VII | 344 | (8.25 x 10.9) इंच | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 42 | My English Reader-II | VII | 81 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.35 | |

| क्र0 स0 | पुस्तक का नाम | कक्षा | पृष्ठों की संख्या | पुस्तक का आकार | कागज का भार **GSM** में | | मुद्रण | | पुस्तकों की अनुमानित संख्या लाख में (जो घट–बढ़ सकती है।) | प्रति पुस्तक मूल्य (समस्त व्यय, कर सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | टैक्स्ट पेपर | आवरण पृष्ठ | टैक्स्ट पेपर | आवरण पृष्ठ | | |
| 43 | हमारी धरती हमारा जीवन | VII | 188 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | एक रंग में | चार रंग में | 1.35 | |
| 44 | बुरॉंश | VIII | 117 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.32 | |
| 45 | प्रेरक प्रसंग | VIII | 46 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.32 | |
| 46 | विज्ञान | VIII | 209 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.32 | |
| 47 | आमोदनी (संस्कृत) | VIII | 87 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.32 | |
| 48 | सामाजिक विज्ञान | VIII | 190 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.32 | |
| 49 | उर्दू किरण | VIII | 104 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 0.03 | |
| 50 | गणित (NCERT) | VIII | 304 | (8.25 x 10.9) इंच | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.32 | |
| 51 | My English Reader-III | VIII | 89 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | चार रंग में | चार रंग में | 1.32 | |
| 52 | हमारी धरती हमारा जीवन | VIII | 208 | (18.41 × 24.13) सेमी | 80 | 250 | एक रंग में | चार रंग में | 1.32 | |